Title: Need to construct a by-pass road instead of over bridge at Sandila in Misrikh Parliamentary Constituency

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): मेरे संसदीय क्षेत्र मिश्रिख उत्तर प्रदेश के अंतर्गत लखनऊ हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर संडीला में ओवरब्रिज का निर्माण होने जा रहा है। मुझसे क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान लोगों ने इस ओवर ब्रिज के स्थान पर बाईपास का निर्माण उसी तरह से करवाए जाने हेतु मांग की है, जैसे कि हरदोई व सहाना बाद में बाईपास का निर्माण करवाया गया है।

संडीला में ओवरब्रिज का निर्माण किए जाने से जहां सैकड़ों दुकानें ध्वस्त होंगी और सैकड़ों परिवारों के रोजगार छिन जाएंगे, वहीं बाईपास का निर्माण करवाए जाने से एक और नया मार्ग मिलने पर ना केवल रोजगार के अवसर बढ़ेंगे बल्कि सरकार को राजस्व मिलने के साथ-साथ क्षेत्र का विकास भी होगा और साथ ही स्कूलों के बच्चे भी मुख्य मार्ग से सुरक्षित आ-जा सकेंगे ।

अतः ऐसी स्थिति में सरकार से अनुरोध है कि लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग पर संडीला में ओवर ब्रिज के स्थान पर बाईपास का निर्माण करवाए जाने हेतु सकारात्मक कदम उठाए ।